मंगल नगर में सार्वजनिक पार्क की 956 वर्ग गज जमीन पर काट दिए तीन प्लॉट

जे.डी.ए. ने खुद इस भूमि को सुविधा क्षेत्र माना, फिर भी अफसरों ने गुपचुप पट्टे दे डाले

सिरसी रोड पर मंगल नगर में पार्क की 956 वर्गगज जमीन पर बाउंड्रीवाल बनाकर तीन प्लॉट काट दिए गए, जकि मौके पर अभी भी पुरानी बैंचें लगी हुई हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । सिरसी रोड पर मंगल नगर में सार्वजनिक पार्क की 956 वर्गगज जमीन पर कब्जा कर तीन प्लॉट काटने का मामला सामने आया है। ताज्जुब है कि जेडीए प्रशासन खुद इस जमीन को अपने नक्शे में सुविधा क्षेत्र मान चुका है, इसके बावजूद अधिकारियों ने इन तीनों प्लॉट्स के जेडीए पट्टे भी दे दिए। मिलीभगत का यह खेल कॉलोनी के भूमाफिया, शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति और जेडीए के अधिकारियों ने मिलकर खेला। यह आरोप मंगल नगर विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष राजाराम सिंह और उपाध्यक्ष चिमन सिंह ने लगाए हैं।

राजाराम सिंह ने बताया कि सिरसी रोड पर बसी मंगल नगर कॉलोनी में शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति के पट्टे हैं। इस सोसायटी ने पार्क के लिए छोड़ी हुई 956 वर्गगज की सुविधा क्षेत्र की जमीन पर तीन प्लॉट काट दिए। जब यह मामला सामने आया तो हमने वर्ष 2014-15 में इसकी शिकायत जेडीए प्रशासन और ट्रिब्यूनल कोर्ट में की। मामले की सुनवाई पर ट्रिब्यूनल कोर्ट ने आदेश दिया था कि इस जमीन पर कोई निर्माण नहीं हो, इसके लिए जेडीए प्रशासन पाबंद किया था।

उन्होंने बताया कि जब मंगल नगर कॉलोनी की विकास समिति के अध्यक्ष पद पर हरिओम चौधरी काबिज हुए, उन्होंने गुपचुप जेडीए ट्रिब्यूनल में जाकर विकास समिति की ओर से तीनों प्लॉट्स पर लगाई गई आपत्ति को वापस ले लिया। जबकि इस मामले की शिकायत राजाराम सिंह ने की थी, हरिओम चौधरी ने नहीं। इसके बावजूद जेडीए के अफसरों ने शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति व भूमाफिया के साथ मिलकर पार्क की जमीन पर काटे गए तीनों प्लॉट 126, 127 व 128 के पट्टे दे दिये, जो कि पूरी तरह से गलत हैं।

मंगल नगर विकास समिति के पूर्व उपाध्यक्ष चिमन सिंह ने बताया कि जेडीए व भूमाफियाओं की इस गफलत का हमें पता लगा तो हमने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। फिलहाल इस प्रकरण में स्टे है, लेकिन कॉलोनी के लोगों को अभी भी पार्क की सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोगों के सामने घूमने-फिरने की दिक्कत है। सुविधा क्षेत्र 956 वर्गगज जमीन पर भूमाफिया मालिकाना हक जमाए बैठे है, जबकि यह भूमि पार्क की है।

उन्होंने कहा कि कॉलोनी के लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस व जेडीए प्रशासन को भी की, लेकिन हमें कहीं से कोई न्याय नहीं मिला। हाईकोर्ट के फैसले पर हमारी उम्मीद टिकी है, अब हमने मजबूरन मीडिया से मदद मांगी है।

उधर इस पूरे प्रकरण में मंगल नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरिओम चौधरी ने राजाराम सिंह और चिमन सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि जेडीए प्रशासन ने प्लॉट नंबर 126, 127 व 128 के पट्टे दिये हैं, लेकिन वे यह नहीं बता पाए कि अगर यह पट्टे सही दिए गए हैं तो फिर कॉलोनी का पार्क कहां गया। जेडीए के नक्शे में इस जमीन को सुविधा क्षेत्र क्यों दर्शाया गया है।

- **आरोप है कि जेडीए ट्रिब्यूनल में मंगल नगर विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष राजाराम सिंह ने शिकायत की थी, बाद में नए अध्यक्ष हरिओम चौधरी ने गुपचुप शिकायत वापस लेकर तीनों प्लॉट्स के जेडीए पट्टे लेने का रास्ता खोल दिया**
- **उधर इस पूरे प्रकरण में मंगल नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरिओम चौधरी ने राजाराम सिंह और चिमन सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि जेडीए प्रशासन ने प्लॉट नंबर 126, 127 व 128 के पट्टे दिये हैं, लेकिन वे यह नहीं बता पाए कि अगर यह पट्टे सही दिए गए हैं तो फिर कॉलोनी का पार्क कहां गया। जेडीए के नक्शे में इस जमीन को सुविधा क्षेत्र क्यों दर्शाया गया है।**

परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर नन्हें बच्चों ने दीप जलाये

जयपुर, (का.सं.)। सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव पर कल अनेक आयोजन किये जायेगें। मुख्य समारोह में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एंव परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मानसरोवर मैट्रो स्टेशन पिल्लर नं. -1 के पास शर्मा फार्म हाउस पर प्रात: 9 बजे की जायेगी। जिसमें बड़ी संख्या में विप्रजन भाग लेगें।

सर्व ब्राह्मण महासभा के युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन स्थित परशुराम सर्किल पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने दीप जलाये और एक दो तीन चार- परशुराम की जय जयकार व भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए जयघोष किया। प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री ने बताया कि बच्चो में जन्मोत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह है और हर वर्ष सब बच्चे एकत्रित होकर यहां दीप जलाते है और भगवान के जयकारे लगाते है।

इस अवसर पर आयोजन समिति के नीलम मिश्रा, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कमलेश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री, पार्षद मंजू राकेश शर्मा, महेश शर्मा, प्रदेश सचिव हरीश मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, ममता पंचौली, पंकज शर्मा सोडाला, संजय शर्मा, सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

सार-समाचार

'स्वस्थ रहने के लिए औषधि जरूरी नहीं'

जयपुर (कासं)। भारतीय वरिष्ठ नागरिक राष्ट्र सुरक्षा संघ के सौजन्य से जनकपुरी सी2बी अगव्राल भवन में ''हम बिना औषधि के कैसे स्वस्थ रह सकते हैं'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. बीएस डबास ने बताया कि सब रोगों की जड़ पेट है, यानि कब्ज है तो प्रात: उठते ही 1 से 2 लीटर गर्म पानी पीने से आधे घंटे में पेट साफ हो जाएगा और जब पेट साफ रहेगा तो अन्य रोग भी दूर रहेंगे। सर्वाइकल दर्द 5 मिनट में आराम घुटना दर्द कभी भी खड़े होकर पानी ना पिए, बैठ कर पानी पिए। खड़े होकर आप दूध पी सकते हैं, जिंदगी में घुटने खराब नहीं होंगे। अपने बच्चों को बाल्यकाल से ही भोजन के बाद दांत साफ रखने की आदत डालें तो आपके दांत 100 साल तक भी स्वस्थ रहेंगे, श्वास रोग के लिए भी ईस्ट प्राणायाम करके दिखाया। उन्होंने कहा कि हमारा खानपान शुद्ध और शाकाहारी हो तो रोग नहीं आयेगा। सकारात्मक सोच और रोग के अनुसार परहेज करके स्वस्थ रह सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव मित्तल व हरीश कुमार रहे। इसके अलावा संस्था प्रधान हंसराज, पूर्व एसीपी दिल्ली पुलिस, उपाध्यक्ष महेंद्र पाल, महासचिव अनिल कुमार भंडारी, केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना सेवानिवृत, ओम प्रकाश वर्मा कोषाध्यक्ष एवम संचालक, सलाहकार रुद्र पाल, बृज भूषण, वीरेंद्र, राष्ट्री युवा लोक कल्याण मंच से संदीप शर्मा और उनकी टीम, भारतीय सेना से निवृत सेना अधिकारी मौजूद थे।

कुसुम यादव ने सफाई के निर्देश दिए

जयपुर । ईद के त्योहार को देखते हुए पार्षद कुसुम यादव ने हाजिरी कार्यालय पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक स्वास्थ्य निरीक्षक व सफाई कर्मचारियों की मीटिंग ली। ईद के मौके पर पूरे वार्ड ये नालियां व सडक को साफ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईद के अवसर पर अतिरिक्त संसाधन लगाकर वार्ड में सफाई व्यवस्था समुचित की जाए ताकि सभी लोग स्वच्छ वातावरण में ईद का त्यौहार मना सकें साथ ही क्षेत्र का दौरा कर टूटी सडक और नालियों को ठीक कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व पार्षद अजय यादव मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संतोष ढाबोडिया स्वास्थ्य निरीक्षक राजू गोडीवाल हाजी अब्दुल हई पप्पू कुरैशी शफीक भाई उमेश शर्मा विष्णु मीणा मनीष बिवाल मोहम्मद जुनेद सुभाष सेन संपत बिसला सहित समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेलकर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया

जयपुर । न्यू पेंशन स्कीम को खत्म कर पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए किए जा रहे हर माह की 21 तारीख के विरोध प्रदर्शनों की कडी में कल एलजेसीए के तत्वावधान में रेलवे कर्मचारियों के लिए न्यू पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने के लिए फुलेरा रेलवे जंक्शन पर एकत्रित होकर रेल कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन की मांग करते हुए जबरदस्त नारेबाजी की और शक्ति प्रदर्शन दिखाया। रेलवे की दोना मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियंस उत्तर-पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के सात एससीएसटी एसोसियेशन, ओबीसी एसोसियेशन ने मिलकर संयुक्त रुप से प्रर्दशन किया। विरोद प्रदर्शन के दौरान सैकडों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित थे। रेल कर्मियों ने प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज करवाया। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल सभी साथियों के नेताओं ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि साथियों हमारी पेंशन की लडाई इतनी आसान नहीं है, इसके लिए हम सब को मिलकर संगठित होकर सरकार को जवाब देना है।

संक्षिप्त

दोस्त का गला काटने वाला पकड़ा

जयपुर । ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने धारदार हथियार से गला काट कर हत्या के प्रयास में एक आरोपी को धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने 16 अप्रैल को तिलक सिंह का धारदार हथियार से गला काट कर हत्या के प्रयास मामले में वांछित आरोपी छोटे सिंह निवासी सम्भल यूपी हाल नाहरगढ़ रोड जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित छोटे सिंह और घायल तिलक सिंह दोनों ही एक साथ सिलाई का काम करते थे और छोटे सिंह की कुछ समय पहले ही सगाई हुई थी। आरोपित को शक था कि घायल तिलक सिंह आरोपी की होने वाली पत्नी से मोबाइल पर बात करता है। इसी कारण से आरोपित उसे मारने की योजना बना रहा था। 16 अप्रैल को आरोपी ने योजना के अनुसार तिलक सिंह को जयगढ टी पॉइंट से आगे नाहरगढ़ की तरफ जाने वाले रास्ते में लेकर गया और कपड़े काटने वाले धारदार ब्लेड से गला काटा और मरा हुआ समझ कर मौके से फरार हो गया।

व्यापारी के पेनकार्ड नंबर का दुरूपयोग

जयपुर । राजधानी के एस एम एस अस्पताल में थाने में एक व्यापारी के पेनकार्ड नम्बर का दुर्रूपयोग कर करोड़ों का लेनदेन करने का मामला सामने आया है। पीड़ित अशोक खंडेलवाल निवासी किसान मार्ग टोंक रोड जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने पुलिस को बताया कि उसके पेनकार्ड नम्बर का मैसर्स अलंकृत लिमिटेड के आलोक कुमार अग्रवाल व उसके पुत्र अंकित अग्रवाल ने गलत तरीके से उपयोग कर चार करोड़ से अधिक की राशि का लेनदेन किया है। इस पर आयकर विभाग की ओर से पीड़ित को कई बार नोटिस देने पर वारदात का खुलासा हुआ। आरोपियों ने पीड़ित के नाम वाले मुम्बई निवासी व्यक्ति का व्यौरा देकर उसके पैनकार्ड नम्बर का गलत उपयोग कर पैसों का लेनदेन किया।

मिनी लो-फ्लोर ने युवक को रौंदा

जयपुर (कासं)। मिनी लो-फ्लोर बस ने शुक्रवार सुबह एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में रोड क्रॉस कर रहे युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं होने पर शव हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने बस को जब्त कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट सुबह करीब 6:15 बजे रामगंज चौपड़ पर हुआ। जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट की मिनी लो-फ्लोर बस रामगंज चौपड़ से जा रही थी। इसी दौरान ओवर-स्पीड बस ने रोड क्रॉस कर रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके पर बस छोड़ कर फरार हो गया।

100 से अधिक पर्स-मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

जयपुर । जवाहर नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जयपुर शहर में एक दर्जन चैन तथा 100 से अधिक पर्स व मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले दो हजार रुपये का इनामी चैन स्नैचर सोहेल उर्फ भल्ला व उसका साथी मोईनुद्दीन उर्फ मोनू तथा चोरी की चैन खरीदने वाले शकील उर्फ अशरफ को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपित स्नैचर सोहेल उर्फ भल्ला जिला जयपुर उत्तर के शास्त्री नगर थाने का वांछित अपराधी है। स्नैचिंग की गई चार सोने की चैन व थाना आदर्श नगर से स्नैचिंग का एक मोबाईल सहित घटना में प्रयुक्त थाना नाहरगढ़ से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। डीसीपी ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि बदमाश सोहेल उर्फ भल्ला खान (25) निवासी मनोहरपुर जयपुर ग्रामीण हाल जेडीए कॉलोनी मीणा पालडी खोह नागोरियान जयपुर, मोइनुदीन उर्फ मोनू (26) निवासी शहीद इन्दा नगर ज्योति नगर भट्टा बस्ती व चोरी की चैन खरीदने वाले मोहम्मद शकील को गिरफ्तार किया।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के 25 विद्यार्थियों को प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों में मिली नौकरी

जयपुर । चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश-सह-छात्रवृत्ति परीक्षा, -2023 की घोषणा करने के लिए जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

जहां चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. आर. एस. बावा ने कहा कि अपने उद्देश्य को सार्थक करते हुए बहुत कम समय में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थानों में अपना स्थान हासिल किया है। समय के साथ-साथ विश्वविद्यालय सभी क्षेत्रों में उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों छू रहा है, चाहे वह शैक्षणिक वितरण हो, अनुसंधान हो या प्लेसमेंट। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने विद्यार्थियों के लिए 60 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति का ऐलान किया।

जयपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, प्रो-चांसलर डॉ. आर. एस. बावा ने कहा, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय अपने छात्रों के सम्पूर्ण विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, मजबूत शोध और प्लेसमेंट प्रदान करने पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित करता है।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को प्रैस वार्ता में बहुराष्ट्रीय कंपनियों से प्लेसमेंट लेने वाले छात्रों की जानकारी दी गई।

प्रो-चांसलर डॉ. आर. एस. बावा ने कहा, 2022 के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को 900 से अधिक कंपनियों से 9500 से अधिक नौकरियों के प्रस्ताव मिले हैं। इस वर्ष छात्रों को दिया गया उच्चतम अन्तर्राष्ट्रीय पैकेज 1.07 करोड़ रुपये का था, जबकि राष्ट्रीय प्लेसमेंट के दौरान दिया जाने वाला उच्चतम वेतन पैकेज 52.11 लाख रुपये था। 25 से अधिक कंपनियों ने सीयू के छात्रों को 25 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज के साथ नौकरी की पेशकश की, जबकि 400 से अधिक कंपनियों ने 5 लाख रुपये के वार्षिक वेतन पैकेज के साथ नौकरी की पेशकश की। नौकरी की पेशकश के अलावा, कई कंपनियों ने छात्रों को 1 लाख रुपये तक के स्टाइपेंड के साथ मासिक इंटर्नशिप के अवसर की पेशकश भी की है।

राजस्थान के छात्रों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, वर्तमान में, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में राजस्थान के लगभग 2250 छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें से 650 छात्रों को शीर्ष कंपनियों में नौकरी मिली है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान रखे गए राजस्थान के 650 छात्रों में से 440 छात्र इंजीनियरिंग तथा 140 छात्र एमबीए के हैं। कुल 140 छात्रों को एक से ज्यादा शीर्ष कंपनियों से जॉब ऑफर मिले है। मुझे यह बताते हुए बेहद गर्व महसूस हो रहा है कि राजस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान रखे गए छात्रों में से 190 लड़कियां हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कुल 332 छात्र मूल रूप से जयपुर के रहने वाले हैं, जिनमें से 25 छात्रों का प्लेसमेंट, प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान हो गया है।

कारीगरों के लिए लिविंग ट्रेडिशनल कैंलेंडर लॉन्च

जयपुर (कासं)। रघुकुल ट्रस्ट का 'लिविंग ट्रेडिशनल कैंलेंडर लॉन्च' कार्यक्रम जयपुर की एक होटल में मुख्य अतिथि राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने 132 गणमान्य महिलाओं की मौजूदगी में हुआ। रघुकुल ट्रस्ट की ओर से यह कैलेंडर राजस्थान के आठ शहरों टोंक, कोटा, बाड़मेर, जैसलमेर, मौजमाबाद, जयपुर, सांगानेर व बगरू के थप्पा छपाई के कारीगरों को समर्पित है। हर पेज एक मास्टर कारीगर की फोटो व संपर्क सूत्र के साथ उनकी विशेष कारीगरी को दर्शाता हुआ है। मुंबई में कार्यरत

आईएएस निधि चौधरी ने कहा कि ''यह सिलसिला है साड़ी का, भारत की नारी का, जो कल भी भारी थी और आज भी भारी है। पुरूष उसका कल भी आभारी था और आज भी है।'' उनकी इस बात से सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में निधि चौधरी व जय ग्रुप ऑफ होटल्स के एरिया डायरेक्टर अशोक राठौड़ विशिष्ट अतिथि थे। साधना गर्ग ने बताया कि प्रमोटिंग लिविंग का ट्रेडिशन का आयोजन टाटा समूह के फाउंडेशन पाथ्य के तत्वावधान में किया गया। कैलेंडर एक जैविक लिफाफे में बांटा गया, जो कि मिट्टी में दबाने से पौधे में अंकुरित हो जायेगा। कार्यक्रम में पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, रूक्ष्मणी कुमारी, अभिनव बंसल, संध्या चटवानी, दुर्वा शर्मा, ऋषि मिगलानी मौजूद थे। भुवनेश कुमार ने सभी का आभार जताया। साधना गर्ग ने कहा कि इस कैलेंडर की डिमांड न्यूयार्क, मुंबई, पुणे व बैंगलोर से आई है, इससे कारीगर-उपभोक्ता सीधे जुड़ सकेंगे।

जयपुर को एक बनाये रखने का संकल्प लिया

जयपुर । 'म्हारो जयपुर-प्यारो जयपुर' अभियान से जुड़े सभी प्रमुख प्रबुद्धजनों ने जयपुर शहर को एक जिला बनाने के अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय किया। जल्द ही प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें मांग रखी जायेगी कि जयपुर के दोनों निगमों के 250 वार्डों की सीमाओं को शामिल करते हुए जयपुर शहर को एक जिले के रूप में रहने दिया जाए और बाकी हिस्से को बनाए जाने वाले अन्य जिलों में समाहित कर लिया जाए।

'नाहरगढ़ की वन भूमि पर वाटर ओवर हैड टैंक बनाने में जुटा हुआ है जलदाय विभाग'

डूब क्षेत्र में होने के बावजूद एन.जी.टी. के आदेशों को ताक पर रखकर बनाया प्लान

जयपुर (कासं)। वन विभाग की बिना इजाजत नाहरगढ़ इलाके में जलदाय विभाग ने वाटर ओवर हैड टैंक बनाने के लिए 8 करोड़ 17 लाख का टैंडर निकाल दिया। अब मनोज कुमार जांगिड़ की शिकायत पर अधिवक्ता प्रतीक खंडेलवाल ने जलदाय महकमे के सचिव से लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव, चीफ इंजीनियर और मुस्लिम वक्फ बोर्ड को नोटिस थमाया है। उन्होंने कहा कि अगर विधिक नोटिस का जवाब नहीं दिया गया तो हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

अधिवक्ता प्रतीक खंडेलवाल ने बताया कि भट्टा बस्ती शास्त्री नगर में वाटर ओवर हैड टैंक बनाने के लिए अक्टूबर-2022 में टैंडर निकाला था। जिसके मुताबिक 2 हजार के.एल. का आर.सी.सी. ओ.एच.एस.आर. बनना था, इसके लिए जलदाय विभाग ने जगह-जगह अनुमति ली लेकिन वन विभाग से कोई परमिशन या एनओसी नहीं ली गई। उल्टा ज्योति नगर स्थित मुस्लिम वक्फ बोर्ड से से एनओसी ली गई है, जिसमें साफ लिखा हुआ है कि अगर किसी भी न्यायालय से कोई स्थगन आदेश पूर्व में पारित है तो यह एनओसी रद्द मानी जायेगी। जबकि इस नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) पूर्व में आदेश दे चुका है कि नाहरगढ़ क्षेत्र की जमीन वन विभाग की है। ताज्जुब की बात है कि जलदाय विभाग ने निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व वक्फ बोर्ड से एनओसी ली, लेकिन उनका इस भूमि पर कोई अधिकार ही नहीं है। खंडेलवाल ने बताया कि नाहरगढ़ वन क्षेत्र इको सेंसिटिव जोन, नाहगरढ़ वाइल्ड लाइफ सैंचुरी के अंतर्गत आता है, यहां पर गैर कानूनी निर्माण पर कड़े प्रतिबंध का आदेश है। नाहरगढ़ पहाड़ी व डूब क्षेत्र में 8 करोड़ की लागत से उच्च जलाशय रोड का निर्माण व पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। न्यू संजय नगर कच्ची बस्ती, भट्टा बस्ती, शिवाजी नगर व आसपास की सभी कॉलोनी वन विभाग द्वारा संरक्षित है, जो कि नाहरगढ़ नोटिफाइड बाउंड्री में आती है। साथ ही यह क्षेत्र नाहरगढ़ पहाड़ी क्षेत्र का बहाव क्षेत्र व डूब क्षेत्र भी है। ऐसे में यहां उच्च जलाशय का निर्माण नियम विरूद्ध और सरकारी खजाने का दुरूपयोग है।

- **अधिवक्ता प्रतीक खंडेलवाल ने इस प्रकरण को लेकर जलदाय महकमे के सचिव से लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव, चीफ इंजीनियर और मुस्लिम वक्फ बोर्ड को नोटिस थमाया**